


# लामडिंग दर्पण

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

वर्ष 4 | अंक 15 | जुलाई-सितम्बर 2013

### मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

मंडल में संरक्षा, सुरक्षा तथा समयपालन हमारी प्रारंभिक प्राथमिकताएं रही हैं। संरक्षा सेमिनार, नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन कर रेल कर्मचारियों के साथ-साथ क्षेत्र की जनता को भी इसके प्रति जागरूक करने का प्रयास जारी है। मंडल में गति प्रतिबंध हटाना, मानव रहित समपार फाटकों को बंद करना, गाड़ी संचालन में संरक्षा को प्राथमिकता देना आदि हमारी कार्ययोजना के महत्वपूर्ण मद हैं। फ्यूलिंग की वजह से कामाख्या से खुलनेवाली गाड़ियों में विलम्ब न हो इसके लिए कामाख्या स्टेशन में आरसीडी का शुभारंभ किया गया है। रनिंग कर्मचारियों की सुविधा में विस्तार करते हुए न्यूगुवाहाटी रनिंग रूम का पुनर्निर्माण कर इसमें अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाए गए हैं। जिला पदाधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर रेल प्रणाली के सुचारू संचलन तथा अपराध नियंत्रण सुनिश्चित कर मंडल के अर्जन में वृद्धि लाने के हमारे प्रयास जारी हैं। संगीत, नृत्य एवं मनोरंजन आदि मानव जीवन के अभिन्न अंग हैं। सितम्बर माह के दौरान अंतर मंडल संगीत, नृत्य एवं नाटक प्रतियोगिता का आयोजन इस दिशा में सराहनीय प्रयास है।

मंडल के रेलकर्मी अपनी निष्ठा एवं समर्पण की भावना से क्षेत्र की जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए हमेशा तत्पर हैं। साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए निदेशों को पालन करने में भी पीछे नहीं हैं। राजभाषा नियम एवं निदेशों के अनुपालन में हमारे कर्मचारी काफी उत्साह दिखलाते हैं। मंडल में आयोजित राजभाषा के कार्यक्रम के साथ-साथ सांस्कृतिक नृत्य, संगीत तथा नाटक मंचन में भी बड़े उत्साह के साथ सहभागिता करते हैं। इससे राजभाषा हिंदी के प्रति उनके लगाव का पता चलता है। आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि हमारे कर्मचारी सभी क्षेत्रों में अपने कर्तव्य पालन में सदैव अग्रणी रहेंगे तथा मंडल की गृह पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' राजभाषा हिंदी के प्रयोग प्रसार को निरंतर एक नई दिशा, एक नया स्वरूप प्रदान करती रहेगी।

मंडल रेल प्रबंधक

### अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की कलम से .........

लामडिंग मंडल की त्रैमासिक हिंदी पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' का यह 15वां अंक आपको समर्पित है। राजभाषा नियमों तथा निदेशों के अनुपालन के लिए विविध प्रकार के कदम उठाए गए हैं। समग्र देश का रेल नेटवर्क राजभाषा नियमों के अनुसार 'क', 'ख' तथा 'ग' क्षेत्रों में विभाजित है तथा इन क्षेत्रों में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित है। पत्रिकाएं सूचनाओं के आदान-प्रदान की सशक्त माध्यम हैं। इनके माध्यम से मंडल की गतिविधियों से आपको अवगत कराने का प्रयास मात्र है।

आशा है कि लामडिंग मंडल द्वारा प्रकाशित 'लामडिंग दर्पण' पत्रिका अपने बहुमूल्य जानकारियों से मंडल में ही नहीं वल्कि पूरे रेल नेटवर्क में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार को नई दिशा प्रदान करने में अवश्य सफल होगी।

अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

### कामाख्या-लोकमान्य तिलक (टी) मुंबई वातानुकूलित एक्सप्रेस साप्ताहिक रेलगाड़ी का शुभारंभ

18 अगस्त 2013 को कामाख्या स्टेशन पर आयोजित रंगा-रंग कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ ट्रेकमैन/कामाख्या, श्री बीरलोचन बसुमतारी, जो 31 अगस्त 2013 को रेल सैवा से सेवानिवृत हो जाएंगे, के कर कमलों से 15621/15622 कामाख्या-आनंदबिहार (टी) दिल्ली साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलगाड़ी को कामाख्या स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित मेहमानों, प्रतिनिधियों तथा प्रेस-मीडिया ने समारोह की शोभा बढ़ाई।




कामाख्या-आनंदबिहार (टी) दिल्ली एक्सप्रेस साप्ताहिक रेलगाड़ी को वरिष्ठ ट्रेकमैन, श्री बीरलोचन बसुमतारी द्वारा हरी झंडी दिखाने का दृश्य।

### अंतर रेल संरक्षा आडिट निरीक्षण

29 एवं 30 जुलाई 2013 को पूर्व मध्य रेल के मुख्य संरक्षा अधिकारी, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/योजना, सीईडीई, मुख्य चल स्टॉक इंजीनियर एवं उप मुख्य इंजीनियर/रेलपथ की एक टीम ने लामडिंग मंडल के गुवाहाटी क्षेत्र का निरीक्षण किया। संरक्षा ऑडिट टीम ने गुवाहाटी स्टेशन, गुवाहाटी यार्ड, गुवाहाटी पूर्व केबिन, सिगनलिंग रूम, एसपी एआरएमवी, क्रू-लॉबी, न्यू गुवाहाटी तथा गुवाहाटी के रनिंग रूम, न्यू गुवाहाटी में एआरटी तथा समपार फाटक (यातायात) एसटी-27 का निरीक्षण किया। संरक्षा आडिट टीम ने मंडल के निष्पादन एवं रख-रखाव की प्रशंसा की।




29 एवं 30 जुलाई 2013 को अंतर रेल संरक्षा आडिट टीम द्वारा गुवाहाटी स्टेशन के निरीक्षण का दृश्य।

## 67 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

मंडल कार्यालय परिसर में 67वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सुरक्षा बल, रेल सुरक्षा विशेष बल, स्काउट एवं गाईड के परेड ने सलामी दी। मंडल में उच्चतर माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक परीक्षाओं में अव्वल नंबर पानेवाले रेल कर्मचारियों के कुल 11 बच्चों को नकद पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



ध्वजारोहण समारोह के दौरान राष्ट्रीयध्वज को सलामी देते हुए श्री राकेश गोयल, मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग.

## सद्भावना दिवस समारोह

देश प्रेम और भाईचारा को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से 20 अगस्त 2013 को मंडल कार्यालय परिसर में सद्भावना दिवस के रूप में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने प्रतिज्ञा ली कि वे हिंसा का सहारा लिए बिना आपसी सूझ–बूझ के द्वारा संवैधानिक तरीके से सभी भेदभाव को मिटाने का प्रयास करेगें।

## नवनिर्मित फुटबॉल स्टेडियम का उद्घाटन

महाप्रबंधक/पू.सी.रेल तथा महाप्रबंधक/निर्माण/मालीगॉव ने 14 अगस्त 2013 को लोको कालोनी, पाण्डू में नवनिर्मित फुटबॉल स्टेडियम का उद्घाटन किया।



लोको कालोनी, पाण्डू में नवनिर्मित फुटबॉल स्टेडियम के उद्घाटन का दृश्य।

इस अवसर पर पू.सी.रेल एवं ग्रीन वैली स्पोर्टस क्लब के बीच एक फ्रैन्डली फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।

## पुनर्निर्मित बैडमिंटन हॉल का उद्घाटन

महाप्रबंधक/पू.सी.रेल, श्री आर.एस.विर्दी ने 15 अगस्त 2013 को एनएफआरएसए स्टेडियम कॉम्प्लेक्स (स्पोर्टस होस्टल के निकट) में पुनर्निर्मित बैडमिंटन हॉल का उद्घाटन किया।



पुनर्निर्मित बैडमिंटन हॉल का उद्घाटन करते हुए महाप्रबंधक/पू.सी.रेल श्री आर.एस.विर्दी।

## मंडल का अर्जन

**यात्री अर्जन** गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में जुलाई–सितम्बर 2013 के दौरान यात्रियों की संख्या में 614685 की वृद्धि होने के फलस्वरूप गत वर्ष के ₹ 86.10 करोड़ की तुलना में ₹105.24 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार यात्री अर्जन में कुल ₹ 19.14 करोड़ की वृद्धि हुई है।

**माल अर्जन** मंडल में कोयला, खनिज तेल आदि आय के प्रमुख स्रोत हैं। जुलाई–सितम्बर 2013 के दौरान माल अर्जन से कुल ₹ 20.05 करोड़ की प्राप्ति हुई।

**अन्य कोचिंग अर्जन** गत वर्ष की समान अवधि की ₹ 12.93 करोड़ की तुलना में जुलाई–सितम्बर 2013 में ₹ 13.70 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार अन्य कोचिंग अर्जन में कुल ₹ 0.77 करोड़ की वृद्धि हुई।

**अन्य विविध अर्जन** जुलाई–सितम्बर 2013 में इंजीनियरी के विविध प्राप्तियों सहित अन्य विविध अर्जन में कुल ₹ 3.74 करोड़ की प्राप्ति हुई।

## एल डब्ल्यू आर पर सेमिनार

मुख्य सामान्य इंजीनियर/ मालीगॉव की उपस्थिति में 8 जुलाई, 2013 को मंडल के सभाकक्ष में एल डब्ल्यू आर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मंडल के इंजीनियरी विभाग के सभी अधिकारियों ने सहभागिता किया।




मंडल के सभाकक्ष में एल डब्ल्यू आर पर आयोजित सेमिनार में उपस्थित इंजीनियरी विभाग के पदाधिकारीगण।

## मुख्य सुरक्षा आयुक्त/पू.सी.रेल का लामडिंग दौरा

मुख्य सुरक्षा आयुक्त/पू.सी.रेल ने 24 अगस्त 2013 को लामडिंग का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लामडिंग मंडल के रेल सुरक्षा बल के अधिकारियों के साथ मंडल के सभाकक्ष में एक बैठक की। बैठक में मंडल की सुरक्षा परिदृश्य तथा कानून व्यवस्था और इनमें सुधार पर चर्चा की गई। मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने सभी अधिकारियों को जिला पदाधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर रेल प्रणाली के सुचारू संचालन तथा अपराध नियंत्रण सुनिश्चित करने का अनुदेश दिए।

## अंतर मंडल संगीत एवं नाट्क प्रतियोगिता

रेलवे इंस्टीट्यूट/लामडिंग में 19 एवं 20 सितम्बर 2013 को अंतर मंडल संगीत, नृत्य एवं नाट्क प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में कुल 53 कलाकारों ने हिस्सा लिया।



अंतर मंडल संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता के कार्यक्रम में प्रस्तुत समूह नृत्य का एक दृश्य।

प्रतियोगिता में श्री तापस चक्रबर्ती, कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक/लामडिंग द्वारा एकांकी नाटक ''भौतिक'' का मंचन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।



अंतर मंडल संगीत एवं नाट्क प्रतियोगिता में पुरस्कार प्रदान करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल।

## कार्मिक कल्याण

मंडल में जुलाई–सितम्बर 2013 की अवधि में समूह 'घ' में अनुकंपा के आधार पर 73 उम्मीदवारों को रेल सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई। इस अवधि में अधिवर्षिता के आधार पर 79 तथा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के 5 मामलों का निपटान किया गया। इसके अलावा स्काउट एवं गाइड कोटा में 1 उम्मीदवार तथा लारगिस (LARSGESS) योजना के तहत 33 उम्मीदवारों को रेल सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई।

## न्यू गुवाहाटी में पुनर्निर्मित रनिंग रूम का उद्घाटन

महाप्रबंधक/पू.सी.रेल ने 2 जुलाई 2013 को न्यूगुवाहाटी में पुनर्निर्मित रनिंग रूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने यांत्रिक, इंजीनियरी एवं बिजली विभाग के कर्मचारियों के लिए एक ग्रुप अवार्ड तथा दो वैयक्तिक अवार्ड की घोषणा की। इस रनिंग रूम में कमरेवार/बिस्तरवार धारिता/रिक्ति को दर्शाने के लिए स्थानीय तौर पर एक साफ्टवेयर विकसित किया गया है।




न्यूगुवाहाटी में पुनर्निर्मित रनिंग रूम के सम्मुख महाप्रबंधक/पू. सी. रेल श्री आर.एस.विर्दी तथा मंडल एवं मुख्यालय के अधिकारीगण।

## कामाख्या में आरसीडी डिपो का उद्घाटन

अपर महाप्रबंधक/पू.सी.रेल ने 16 अगस्त को कामाख्या में नए आरसीडी डिपो का उद्घाटन किया। इससे कामाख्या से खुलने वाली गाड़ियों में फ्यूलिंग कामाख्या स्टेशन पर ही सम्भव हो जाएगा। इससे कामाख्या से खुलने वाली गाड़ियों में फ्यूलिंग की वजह से होने वाली विलम्ब को रोका जा सकेगा। पहले फ्यूलिंग के लिए रेक को गुवाहाटी ले जाना पड़ता था। जिससे न केवल गाड़ियों का डिटेंशन होता था बल्कि इसके लिए अतिरिक्त पथ की भी आवश्यकता पड़ती थी।




अपर महाप्रबंधक/पू.सी.रेल द्वारा कामाख्या में नए आरसीडी डिपो के उद्घाटन का एक दृश्य।

## माल परिवहन

बी.जी. गाड़ियों का समय पालन पिछले वर्ष की समान अवधि के 94% की तुलना में सितम्बर 2013 में 96.4% रहा जो कि गत वर्ष की तुलना में 2.4% अधिक है। एम.जी. गाड़ियों का समय पालन पिछले वर्ष की समान अवधि के 66% की तुलना में सितम्बर 2013 में 95.5% रहा जो कि गत वर्ष की तुलना में 29.5% अधिक है।

## राजभाषा की गतिविधियाँ

### हिंदी दिवस 2013

14 सितम्बर,1949 के दिन संविधान सभा ने हिंदी को सर्वसम्मति से राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। उस ऐतिहासिक दिन की याद में प्रति वर्ष हिंदी दिवस/राजभाषा पखवाड़ा का पालन किया जाता है।




दीप प्रज्ज्वलित कर हिंदी दिवस/राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल।

### अधिकारियों के लिए राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

मंडल मुख्यालय में 16 सितम्बर 2013 को स्थानीय सभाकक्ष में अधिकारियों के लिए राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले समूह को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।



मंडल मुख्यालय में 16 सितम्बर 2013 को अधिकारियों के लिए आयोजित राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का दृश्य।

### मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में दिनांक 16.09.2013 को 15.30 बजे मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित विविध मदों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

### राजभाषा पखवाड़ा का पालन

मंडल में दिनांक 16.09.2013 से 30.09.2013 तक राजभाषा पखवाड़ा का पालन किया गया। इस दौरान मंडल के विभिन्न स्टेशनों/कार्यालयों में हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। उक्त सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

### राजभाषा सांस्कृतिक समारोह 2013

30 सितम्बर 2013 को रेलवे इंस्टीट्यूट, लामडिंग में एक रंगारंग सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन अपर मंडल रेल प्रबंधक, श्री भास्कर हाजारिका ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसमें गज़ल, भजन, नृत्य, संगीत तथा एकांकी नाटक ''जीवन अनमोल है'' का मंचन किया गया।




दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन करते हुए अमरेप्र (बांए) तथा मंगल गान प्रस्तुत करते हुए कलाकार (दांए)।




नृत्य तथा एकांकी नाटक प्रस्तुत करते हुए कलाकार।

कार्यक्रम के अंत में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री भास्कर हाजारिका ने सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने वाले कुल 60 कर्मचारियों को नकद पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाण- पत्र प्रदान किए।
मंडल मुख्यालय सहित मंडल के छः प्रमुख कार्यालयों/स्टेशनों में आयोजित किए गए हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन तथा राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले कुल 18 कर्मचारियों को नकद पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।



नकद पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाण- पत्र प्रदान करते हुए श्री भास्कर हाजारिका, अपर मंडल रेल प्रबंधक

संरक्षक
राकेश गोयल
मंडल रेल प्रबंधक

मुख्य संपादक
भास्कर हाजारिका
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

संपादन एवं सहयोग
एस.पी.यादव
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय

आर.के.कोईरी
राजभाषा अधिकारी